# मंडी में हुई सीजन की बंपर आवक

**खास बातें**

- दशहरा मैदान में हुई मक्का की नीलामी
- 600 ट्रॉली उपज की आवक का अनुमान



**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज 27 अक्टूबर, सिरोंज कृषि उपज मंडी में सोमवार को इस सीजन की बंपर आवक हुई. इस दौरान मक्का की उपज की बंपर आवक हुई. इस दौरान मंडी में करीब 15 से 16 हजार बोरों की उपज का आवक का अनुमान है. वही मंडी में सोमवार को मक्का की बंपर आवक को देखते हुए गेहूं एवं मक्का की नीलामी दशहरा मैदान में की गई. तो वही सोयाबीन, चना, मसूर आदि की नीलामी बेगमबाग परिसर में की गई.**

मंडी के हाकम सिंह रघुवंशी ने बताया कि सोमवार को मंडी में सीजन की सबसे अधिक आवक रही. इस दौरान मंडी में करीब 15 से 16 हजार बोरा उपज की आवक का अनुमान है. उन्होंने बताया कि मंडी में सोमवार को गेहूं एवं मक्का की नीलामी दशहरा मैदान में तथा सोयाबीन, चना, मसूर आदि की नीलामी बेगमबाग परिसर में की गई. वही थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ सिरोंज के अध्यक्ष समीर भार्गव ने बताया कि थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए सिरोंज हित में एवं किसान हित में मंडी नीलामी सुबह 10 बजे से शुरू की. साथ में मक्का का उत्पादन देखते हुए दशहरा मैदान में 10.45 बजे से 12.15 बजे तक मक्का की नीलामी करने का निर्णय लिया गया. इस निर्णय का असर भी दिखाई दिया. इस दौरान रिकॉर्ड करीब 300 ट्रालियो की मक्का की नीलामी की गई.

### बारिश के कारण नीलामी हुई प्रभावित

अनाज तिलहन व्यापार संघ सिरोंज के अध्यक्ष समीर भार्गव ने बताया कि मंडी में सोमवार को बारिश के कारण नीलामी थोड़ी देर बाधित हुई. इसके बावजूद व्यापारियों ने पानी गिरते के बीच करीब सायं 6 बजे के बाद तक नीलामी की. उन्होंने बताया कि सिरोंज कृषि उपज मंडी में सोमवार को रिकॉर्ड करीब 600 ट्रॉली जिंस की आवक हुई. जिसमें से करीब 550 की नीलामी हुई. उन्होंने बताया कि थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ सिरोंज किसानों, सिरोंज के व्यापार और व्यापारियों के हित में कार्य कर रहा है.


### जाम की समस्या से मिली राहत

थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ सिरोंज के अध्यक्ष समीर भार्गव ने बताया कि कृषि उपज मंडी में उपज की बंपर आवक होने पर हर बार सीजन में शहर के लोगों को मंडी के आसपास के रोड पर जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है. थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए दशहरा मैदान में मक्का की नीलामी के निर्णय से शहर में जाम की समस्या से राहत मिली. साथ ही किसान, व्यापारी और शहरवासी को भी राहत रही. उन्होंने कहा कि मंडी में सोमवार को मक्का की करीब 300 ट्राली उपज की आवक रही. इस दौरान यह ट्रालियां दशहरा मैदान में नीलामी के लिए पहुंची. जिसके कारण मंडी के आसपास के रोड पर यातायात का दबाव कम रहा. जिससे इन क्षेत्रों में जाम की समस्या से लोगों को राहत मिली.

## कांग्रेस की महिला पार्षद के घर हुआ हमला

**अवैध शराब की बिक्री की शिकायत करने का मामला**

**धरने पर बैठी पार्षद**




**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा 27 अक्टूबर, नगर के वार्डों में अवैध शराब की बिक्री पर जोरो पर चल रही है.जिसकी शिकायत करने पर कोई कारवाई नहीं हो रही वार्ड न 4 में कई दिनों से अभेद शराब बिक रही है.जिसकी शिकायत वार्ड की महिला पार्षद श्रीमति नीलू मणि भाई अहिरवार ने कई बार स्थानिक प्रशासन जिला पुलिस अधीक्षक विदिशा और थाना प्रभारी से की पर कोई कार्रवाई न होने से आरोपियों के हौसले बुलंद हो गए.**

बीती रात शराब विक्रेता ने महिला पार्षद के घर पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया एवं सुबह फिर हथियार लेकर पार्षद के घर पर आ गया. जिसके विरोध में आज कांग्रेस पार्षद दल एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आंबेडकर चौक पर पुलिस के विरोध में संकेकित धरना दिया और आरोपी को 24 घंटे में गिरफ्तार करने की मांग की है.बीट प्रभारी को निलंबित करने एवं उनकी कॉल डिटेल चेक करने की मांग की और वार्ड में अभेद शराब बंद करने की मांग की है यदि ऐसा नहीं होता है तो समस्त कांग्रेस पार्टी एवं पार्षद दल पुलिस थाने का घेराव करेंगे जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी. इस अवसर पर वरिष्ठ पार्षद सौदान सिंह यादव,जगदीश व्यास,राहुल ठाकुर,कल्याण सिंह नागौरी,सुनील पिंगले, मणि भाई अहिरवार,जिला पंचायत सदस्य सीमा अहिरवार,पार्षद मंजू कुशवाह,अनिल पाठक, सुजीत सराठे,विनोद जैन, लालाराम चंदेल, विद्या यादव, विनीता सहरिया, विष्णु शर्मा, बी डी शर्मा,विकाश सेन, हरीश भावसार,अंसार खान,भीकम सिंह, अभिनव शर्मा,मिथुन पालीवाल,पवन अहिरवार, वर्षाअहिरवार ,गिरजा बाई, राधा बाई सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### स्पॉट फाइन लगाकर वसूले 1900

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,** पचमा रोड पर शराब दुकानों के आसपास लगी दुकानों एवं गुमटियों में विक्रय होने वाली खाद्य सामग्री एवं वहां पर बैठकर खाने वालों के द्वारा फेंकी जाने वाली गंदगी के विरुद्ध विशेष कर आहता वालों द्वारा फैलाई जा रही.गंदगी जिनमें पानी पाउच एवं डिस्पोजल सामग्री है.ऐसे दुकानदारों के विरुद्ध स्पॉट फाइन लगाकर 1900 वसूला गया.27 अक्टूबर को छठ पूज पर बेताब नदी घाट कि सफाई अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव एवं सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी के निर्देश अनुसार कराई गई एवं कचरा हटवाया गया. स्वास्थ अधिकारी आर के नेमा,धर्मेन्द्र प्रभारी मेट की उपस्थिति में कार्य पूर्ण कराया गया.



## सेंटमेरी कॉलेज में पर्सनालिटी डेवलपमेंट बैंक सेमिनार का हुआ आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** स्थानीय सेंट मैरी पीजी कॉलेज में मैनेजमेंट (बीबीए) डिपार्टमेंट द्वारा पर्सनालिटी डेवलपमेंट बैंक सेमिनार का आयोजन किया गया.जिसमें प्रिंसिपल नलिन थपलियाल ने बच्चों को अपनी एक अलग पहचान बनाने की बात कही.विभागअध्यक्ष डॉक्टर गिरीश सुर्जन ने अपने वक्तव्य ने कहा कि हर विद्यार्थी के अंदर एक बीज होता है प्रतिभा का, आत्मविश्वास का और सफल होने का जरूरत होती है उसको पहचान कर सफल बनाने की वास्तव में पर्सनालिटी डेवलपमेंट का मतलब होता है अपने अंदर के डर को निकलना और अपनी प्रतिभा को पहचान कर उसे बढ़ाना, डॉ रामानंद मिश्रा ने बच्चों को टाइम मैनेजमेंट से अपनी पर्सनालिटी इंप्रूव करने पर जोर दिया, प्रोफेसर प्रशांत सेन ने बच्चों को कम्युनिकेशन स्किल इंप्रूव कर कर अपनी पर्सनालिटी डेवलपमेंट पर जोर दिया. प्रोफेसर विशाखा अग्रवाल ने कंपनी मैनेजमेंट के बारे में बच्चों को विस्तार से समझाया इस मौके पर समस्त स्टाफ सहित विभाग के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे.

### शासन की योजनाओं की दी जानकारी

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** नगरपालिका द्वारा अंगीकार अभियान अंतर्गत नवीन बस स्टेण्ड पर सोमवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम अंतर्गत शासन की विभिन्न योजनाओं का प्रचार प्रसार हेतु स्थानीय बैंकों के बैंकर्स, बिजली विभाग की योजनाऐं, उज्जवला योजना, स्वास्थ्य विभाग की योजनाऐं आदि सभी विभागों की योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया.

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत 4 सितंबर से 31 अक्टूबर तक संचालित अंगीकार अभियान चलाया जा रहा है. कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के लोन एवं सब्सीडी के बारे में बैंक द्वारा हितग्राहियों को बताया गया. इसके साथ ही पीएम स्वनिधि में पंजीकृत हितग्राहियों के परिवार को शासन की 8 योजनाओं में जोडा गया. कार्यक्रम में नपाध्यक्ष मनमोहन साहू, उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, बलजीत यादव, राजेन्द्र कुशवाह, हरिचरण अहिरवार, संतोष गुडडू यादव, हरिबाबू भार्गव, नरेन्द्र पाटीदार, मुख्य नगरपालिका अधिकारी रामप्रकाश साहू, ओमप्रकाश जाटव, दिलीप नामदेव, ज्योति दुबे आदि मौजूद रहे.

## पंचमी महोत्सव पर निकला भव्य चल समारोह



**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज, माली समाज द्वारा पंचमी महोत्सव के उपलक्ष्य में सोमवार को शहर में भव्य चलसमारोह निकाला गया. जो शहर के मुख्य मार्गो से होकर निकला.**

माली समाज द्वारा पंचमी महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया. इस अवसर पर रविवार को घरों पर माली समाज द्वारा पंचमी माताजी की पूजन की गई. इसके बाद सोमवार को शहर में भव्य चलसमारोह निकाला गया. चलसमारोह के प्रारंभ में भगवान की पूजा, अर्चना की गई. चलसमारोह स्थानीय कस्टम पथ से प्रारंभ होकर कठाली बाजार, सर्राफा बाजार, कपड़ा बाजार, चांदनी चौक, कोर्ट गेट आदि मार्गो से होते हुए सुभाष नगर हाजीपुर पहुंचा. चलसमारोह में आकर्षक बैंड-बाजे, ढोल ताशे शामिल रहे. चलसमारोह में मनमोहक झांकी लोगों के आकर्षण का केंद्र रही. इस दौरान कलाकारों द्वारा मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति भी दी गई. चलसमारोह का शहर में जगह-जगह विभिन्न संगठनों एवं समाजसेवियों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया. चलसमारोह के उपरांत श्रीमाली समाज मंदिर मालीपुरा में महाआरती एवं छप्पन भोग कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं एवं नागरिक मौजूद रहे.

### कुपोषित बालिका को पोषण किट वितरित

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** नगर परिषद शमशाबाद क्षेत्र के वार्ड 13 स्थित आंगनवाड़ी भवन पर आज सोमवार को वार्ड 15 की एक कुपोषित बालिका दिव्या, उम्र 2 वर्ष, पिता मनोज आदिवासी एवं माता श्रीमती सोनम की पुत्री को पोषण सामग्री से युक्त किट वितरित की गई.किट वितरण कार्यक्रम में तहसीलदार श्रीमती प्रेमलता पाल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री अनिल बिदुआ, नायब तहसीलदार दर्शनलाल नेगी एवं आंगनवाड़ी सहायिका श्रीमती उर्मिला सक्सेना उपस्थित रहीं.कार्यक्रम के दौरान बालिका के स्वास्थ्य सुधार हेतु आवश्यक समस्त पोषण सामग्री प्रदान की गई और परिवार को संतुलित आहार एवं देखभाल संबंधी आवश्यक सुझाव भी दिए गए.

## कछपुरा नूर में अटल ज्योति का ट्रॉसफार्मर लगवाने की मांग

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज**, ग्राम कछपुरा नूर के ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी के नाम ग्राम कछपुरा नूर में अटल ज्योति का ट्रॉसफार्मर लगवाने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा. इस मौके पर उन्होंने कहा कि ग्राम कछपुरा नूर में पिछले 4-5 साल से लाईट नही आ रही है. जिससे ग्रामवासियों के बच्चे लाईट न होने के कारण पढ नही पा रहें हैं. ग्राम कछपुरा नूर में लाईट की व्यवस्था कराने की मांग की. उन्होंने कहा कि इस ग्राम की आबादी 60-70 घर की है. उन्होंने ग्राम कछपुरा नूर तहसील सिरोंज में अटल ज्योति का ट्रॉसफार्मर लगवाने की मांग की. इस दौरान ग्राम कछपुरा नूर के कई ग्रामीण मौजूद रहे.

## अभिभाषक पर हुए हमले की हुई निंदा



**सिरोंज अभिभाषक संघ ने सौंपा ज्ञापन**

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज, जिला अभिभाषक संघ विदिशा के वरिष्ठ अधिवक्ता विमल प्रकाश तारण पर गत दिनों हुऐ हमले के विरोध में अभिभाषक संघ सिरोंज के अधिवक्ता सोमवार को न्यायालीन कार्य से विरत रहे. इस मौके पर उन्होंने घटना की कड़ी निंदा करते हुए महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा.**

सिरोंज अभिभाषक संघ के तत्वाधान में अभिभाषकों ने तहसील पहुंचकर ज्ञापन देकर जिला अभिभाषक संघ विदिशा के वरिष्ठ अधिवक्ता विमल प्रकाश तारण पर गत दिनों हुऐ हमले की निंदा करते हुए दोषियों पर वैधानिक कार्यवाही की मांग की. साथ ही उन्होंने अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू करने की मांग की. उन्होंने कहा कि जिला अभिभाषक संघ विदिशा के वरिष्ठ अधिवक्ता विमल प्रकाश तारण पर गत दिनों सुनियोजित ढंग से मारपीट, गाली गलौच कर हमला किया गया. जिससे अभिभाषकों में रोष है. अभिभाषक संघ सिरोंज ने उक्त घटना की घोर निन्दा की. साथ ही आरोपी को शीघ्र पकड़ने पर पुलिस का आभार जताया. उन्होंने कहा कि उक्त व्यक्ति पर जिला बदर की कार्यवाही किया जाना न्यायोचित है. वही वर्तमान में अधिवक्ताओं के साथ घटना बढ़ती जा रही है. जिस कारण अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम शीघ्र लागू किया जाना अति आवश्यक है. जिससे अधिवक्ता सुरक्षित रूप से न्यायालयीन कार्य में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान कर सके. उन्होंने दोषियों के विरुद्ध वैधानिक कड़ी कार्यवाही करने एवं अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम शीघ अतिशीघ्र लागू करने की मांग की. ज्ञापन का वाचन अभिभाषक संघ सिरोंज के अध्यक्ष कपिल त्यागी ने किया. इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता अवध नारायण श्रीवास्तव, घनश्याम शरण त्यागी, असलम सिद्दीकी, मदन मोहन गुजराती, अशोक शर्मा, सचिन शर्मा, हेमेंद्र श्रीवास्तव, सोनू गौड़, राजू साहू, मनोहर रघुवंशी, पूरन साहू, राहुल देव शर्मा, रामस्वरूप यादव, श्रीराम सूर्यवंशी, उमेश पाली, कृष्ण गोपाल नगीना, ओमप्रकाश शर्मा, ओमबाबू भार्गव, परमसुख सेन, ज्योतेंद्र जोशी, अरविंद सोनी, जाहिद खान, दीपेश राजपूत, सुरेंद्र रघुवंशी, अमित रघुवंशी, अंकित धाकड़, देवेंद्र शर्मा, निखिल, रोशनी सेन आदि मौजूद रहे.



## तहसीलदार ने खाद वितरण व्यवस्था का किया औचक निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,तहसीलदार श्रीमती प्रीति पंथी ने आज डब्ल्यू-लॉक में भंडारित एवं वितरित की जा रही खाद व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. श्रीमती पंथी ने विशेष रूप से निर्देश दिए कि खाद वितरण व्यवस्था पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपादित की जाए, ताकि कृषकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो. उन्होंने यह भी कहा कि सभी प्रकार की खाद की उपलब्धता, भंडारण एवं वितरण की जानकारी प्रदर्शित करने की कार्यवाही समानांतर रूप से सुनिश्चित की जाए.**निरीक्षण के दौरान तहसीलदार द्वारा भंडारण स्थल की सुरक्षा व्यवस्था, वितरण रजिस्टर एवं स्टॉक का मिलान भी किया गया. उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को सतत निगरानी रखने एवं समय-समय पर सत्यापन करने के निर्देश दिए.

## 1 घंटे तक हुई तेज बारिश, कई किसानों के खिले चेहरे तो कुछ किसान मायूस



**नवभारत न्यूज**
**पठारी,**पिछले दो दिनों से मौसम में बदलाव के साथ बारिश देखने को मिल रही है. जो किसानों के लिये अमृत साबित होती हुई नजर आ रही है.सोमवार की दोपहर लगभग एक घंटे तक तेज हवा के साथ बारिश हुई.जिससे कई किसानों को अब रबी की फसल के लिये पलेबा नहीं करना पड़ेगा पानी गिरने के बाद जैसे ही खेतों में बतर देखने को मिलेगी, वैसे ही वह रबी की फसल की बोवनी कर देंगे. वही कई किसानों की मक्का फसल जो खेतों में कंप्लीट आई हुई रखी है एवं कुछ किसानों की मक्का की फसल कटाई के लिए रह गई है.उन किसानों के लिए इस बे मौसम बारिश से नुकसान भी हो गया है.




## सुब्बाराव जी को दी श्रद्धांजलि

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** स्थानीय सेंट मैरी पीजी कॉलेज विदिशा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा संस्था संचालक फादर सिटो के निर्देशानुसार देश के प्रख्यात गांधीवादी विचारक चिंतक और गांधी के जीवंत अनुयाई, प्रेम ,शांति एवं सद्भाव के आधुनिक मसीहा भाई जी के नाम से विख्यात स्वर्गीय डॉ एसएन सुब्बाराव को भाव भीनी श्रद्धांजलि उपस्थित छात्र-छात्राओं स्टाफ सिस्टर प्रभावती एवंएवं कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा अर्पित की गई. इस प्रसंग पर प्रोग्राम ऑफिसर प्रोफेसर अरविंद द्विवेदी ने भाई जी के व्यक्तित्व और उनके योगदान की विस्तृत जानकारी छात्रों को देख देते हुए उन्हें एकता अनुशासन में रहते प्रेम शांति और सद्भाव की सीख दी गई.कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर दीपा राठौर द्वारा किया गया आभार राहुल विश्वकर्मा द्वारा ज्ञापित किया गया. इस अवसर पर स्टाफ मेंबर्स सहित लगभग 60 छात्र छात्राओं द्वारा श्रद्धांजलि दी गई. उक्त जानकारी कार्यक्रम अधिकारी प्रो दीपा राठौर ने दी.

**प्रदर्शन** | **नैनो यूरिया की बोतल दिये जाने पर जताया विरोध**

## किसानों ने वेयरहाउस के बाहर किया प्रदर्शन



**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** शासकीय खाद वेयरहाउस पर सोमवार को किसानों ने डीएपी एवं यूरिया की बोरी के साथ नैनो यूरिया और नैनो डीएपी की बोतल दिये जाने पर विरोध जताया. इस मौके पर किसान नेता सुरेंद्र रघुवंशी के नेतृत्व में किसानों ने वेयरहाउस के बाहर प्रदर्शन किया. तथा उन्होंने कृषि विभाग के एसएडीओ को किसानों की परेशानियों के बारे में बताया. इस मौके पर किसान नेता सुरेंद्र रघुवंशी ने कहा कि पूर्व में किसानों को उनकी मर्जी के बगैर उर्वरक की कोई भी बोतल न दिये जाने के बारे में जानकारी दी गई है. परंतु पिछले कुछ दिनों से सिरोंज के खाद वेयरहाउस पर किसानों को इनके बगैर खाद नहीं किया जा रहा है. उन्होंने कृषि विभाग के एसएडीओ अनुज धाकड़ को किसानों की समस्याओं के बारे में बताते हुए किसानों को जबरदस्ती नैनो यूरिया और नैनो डीएपी की बोतल न दिए जाने की मांग की. उन्होंने कहा कि किसान पूर्व से ही प्राकृतिक आपदा से फसलों के बर्बाद होने से परेशान हैं. इससे किसानों पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है. उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों से निर्देशों के बारे में जानकारी भी मांगी. तथा किसानों को जबरदस्ती नैनो यूरिया और नैनो डीएपी की बोतल न दिए जाने की मांग की. इस दौरान किसान मौजूद रहे.

निःशुल्क सेवा
- शव वाहन / फ्रीज़र
- ब्लड ग्रुप लिस्ट
- मरीज इलाज उपकरण
- पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
- देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए

शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें.

मोबाइल में बजता है
विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित
सुनो रेडियो
84 35 250 250
प्ले स्टोर/एप स्टोर से डाउनलोड करके आनंद लीजिए